Stepping Stone School (High)
Class:- III
Sub:- 2nd Lang (Hindi)
Topic:- Spelling & handwriting
Worksheet No. 13
Date:- 20/05/20
Time :- 30 mins

सर्वप्रथम दिए गए गद्यांश को ध्यान से पढ़े, फिर उसे सुलेख (Handwriting) की तरह हु ब हु उतारें। विराम चिह्नों का ध्यान रखें, जो वर्तनी रेखांकित की गई है उसे अलग से एक पेपर (sheet) पर उतारें और याद करें, फिर सभी वर्कसीट (worksheets) को डेट वाइज़ (datewise) सजाकर रखें।

विभु जंगल में रहते थे, वहाँ उनकी कुटिया थी। जंगल से मृग कुटिया के पास आ जाते थे। वे उनको हरी-हरी घास चरने देते। मृग वहाँ दौड़ते-भागते थे। वे पेड़ की ठंडी छाया में आराम करते। विभु मृगों को देखकर बहुत खुश होते थे।

एक दिन विभु आम के वृक्ष की छाया में बैठे थे। दो मृग भागते हुए आए। वे डरे हुए थे। वे आकर वृक्ष के पीछे छिप गए। विभु ने देखा - एक शिकारी बंदूक लिए आ रहा है। विभु बोले - रूक जाओ! यहाँ शिकार करना मना है। शिकारी बोला - मैं शिकार करने आया हूँ। इन मृगों को लेकर ही जाऊँगा।

विभु बोले - ये मृग मेरे पास आए हैं। मैं इन मृगों की रक्षा करूँगा। तुम पहले मुझे गोली मारो। शिकारी हैरान रह गया, बोला - नहीं! ऐसा नहीं हो सकता। विभु ने कहा - तो फिर लौट जाओ। इसी में सबका भला है। शिकारी कुछ सोचकर बोला - मैं आपकी आज्ञा मानूँगा। मैं किसी जीव को आज के बाद नहीं मारूँगा।

Scanned with CamScanner